pp
लखनऊ से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक
website: www.pawanprawah.com

पवन प्रवाह

सत्य का प्रवाह सतत् प्रवाह
डाक पंजीयन संख्या GPO LW/NP-106/2018-2020

स्वच्छता अभियान व पालीथीन थैले बंद की जागरूकता रैली

लखनऊ (ब्यूरो)। स्वच्छता अभियान व पालीथीन/प्लास्टिक थैले बंद की जागरूकता रैली का आयोजन ''सोल फाउंडेशन, स्प्रिंगग्रीन अपाट्मेंट, फैजाबाद रोड, लखनऊ'' व विराम खण्ड-5, गोमती नगर जनकल्याण समिति, गोमती नगर, लखनऊ'' के तत्वाधान में आयोजित की गयी। इसका नेतृत्व पर्यावरणविद डॉ0 भरत राज सिंह, महानिदेशक, एस0एम0एस0 व श्री अनुभव श्रीवास्तव, प्रबन्ध निदेशक, सोल फाउंडेशन, उनके सहयोगीगण तथा श्री आर.एस.मिश्रा, सचिव, विराम खण्ड-5, गोमती जनकल्याण समिति, श्री जी.के. शाह व राकेश निगम ने किया। इस अभियान में लगभग 50 से अधिक लोगो ने बढ़-चढ़ कर भाग लिये तथा जनता में स्वच्छता व पालीथीन थैले बंद करने के प्रति अलख जागने हेतु प्रेरित किया।

सभी ने स्लोगन भी दिया-

पालीथीन हटाओ धरती बचाओ।

पालीथीन हटाओ पर्यावरण बचाओ।।

सब्जी बाजार में लगभग 125-कपड़े व जूट के थैले बाटे गये और उनमें इसके उपयोग के फायदे को जनता में फैलाने की प्रेरणा दी गई।